समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# UPPSC PCS मुख्य परीक्षा 2025 की तारीख घोषित, 29 जून से शुरू होगी परीक्षा।

Publisher
Published on 27 May 2025




## उत्तर प्रदेश मे सरकारी सेवा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक अहम अपडेट सामने आया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC) ने PCS मुख्य परीक्षा 2025 (UPPSC PCS Mains 2025) की तारीखों की घोषणा कर दी है।

**लखनऊ, 27 मई 2025:** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (**UPPSC**) ने **PCS मुख्य परीक्षा 2025** की तारीखों की घोषणा कर दी है। परीक्षा **29 जून** से शुरू होकर **2 जुलाई 2025** तक **लखनऊ** और **प्रयागराज** में आयोजित की जाएगी। इस बार **कुल 15,066 अभ्यर्थी** मुख्य परीक्षा में शामिल होंगे।

**परीक्षा शेड्यूल**

**29 जून :**

प्रातः सत्र – सामान्य हिंदी

अपराह्न सत्र – निबंध लेखन

**30 जून :**

प्रातः सत्र – सामान्य अध्ययन पेपर 1

अपराह्न सत्र – सामान्य अध्ययन पेपर 2

**1 जुलाई :**
प्रातः – सामान्य अध्ययन पेपर 3
अपराह्न – सामान्य अध्ययन पेपर 4

**2 जुलाई :**
प्रातः – सामान्य अध्ययन पेपर 5
अपराह्न – सामान्य अध्ययन पेपर 6

**परीक्षा पैटर्न**

मुख्य परीक्षा 1500 अंकों की होगी। इसमें **सामान्य हिंदी (150 अंक), निबंध लेखन (150 अंक)**, और **सामान्य अध्ययन के 6 पेपर** (हर एक 200 अंक) शामिल होंगे। सामान्य अध्ययन के अंतिम दो पेपर (पेपर 5 और 6) विशेष रूप से उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित विषयों पर आधारित होंगे।

**एडमिट कार्ड कब आएगा ?**

१.आयोग जल्द ही एडमिट कार्ड जारी करेगा। उम्मीदवार इसे **UPPSC** की आधिकारिक वेबसाइट uppsc.up.nic.in से डाउनलोड कर सकेंगे। लॉगिन के लिए पंजीकरण संख्या और जन्मतिथि की आवश्यकता होगी।
२. **परीक्षा केद्रं मे एंडमिट कार्ड** के साथ एक वैध फोटो पहचान पत्र लाना अनिवार्य है।
३. परीक्षा प्रतिदिन दो सत्रों में होगी – **पहला सत्र सुबह 9 बजे से 12 बजे** तक और **दुसरा सत्र दोपहर 2:30 बजे से 5:30 बजे** तक।

**UPPSC PCS Mains 2025** की कुल अंक सीमा 1500 होगी, जिसमें सामान्य अध्ययन के **6 पेपर, सामान्य हिंदी** और **निबंध लेखन** शामिल हैं।एडमिट कार्ड जल्द ही आयोग की वेबसाइट uppsc.up.nic.in पर जारी होंगे।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.